# GNI के कंपनी सदस्यों के 2018/2019 के स्वतंत्र आंकलनों के तीसरे चक्र की सार्वजनिक रिपोर्ट | कार्यकारी संक्षिप्त विवरण

यह ग्लोबल नेटवर्क इनिशिएटिव (GNI) की 11 सदस्य कंपनियों: Facebook, Google, Microsoft, Millicom, Nokia, Orange, Telefónica, Telenor Group, Telia Company, Verizon Media, और Vodafone Group के 2018/2019 के स्वतंत्र आंकलनों की सार्वजनिक रिपोर्ट है। इस आंकलन चक्र ने 1 जुलाई, 2016 से 1 जुलाई, 2018 ("आंकलन अवधि") तक दो वर्ष की अवधि पूरी की। हालांकि, केवल इस आंकलन चक्र के लिए, Millicom, Nokia, Orange, Telefónica, Telenor Group, Telia Company, और Vodafone Group के लिए समीक्षा की प्रासंगिक अवधि GNI में उनके आगमन यानी कि 27 मार्च, 2017 से 1 जुलाई, 2018 तक रही।

GNI 2008 में लॉन्च हुई थी। इसका लक्ष्य है जवाबदेह निर्णय लेने के लिए एक वैश्विक आदर्श स्थापित करने और सरकार के प्रतिबंधों और माँगों के सामने एक मल्टीस्टेकहोल्डर आवाज़ बनने के द्वारा जानकारी और संचार प्रौद्योगिकी (ICT) के क्षेत्र में अभिव्यक्ति की आज़ादी और गोपनीयता के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें आगे बढ़ाना। GNI, कंपनी के जवाबदेह निर्णय लेने हेतु रूपरेखा प्रदान करने, सदस्य कंपनियों के द्वारा जवाबदेही को प्रोत्साहित करने, सहभाजी सिखलाई के लिए एक सुरक्षित जगह प्रदान करने, और अभिव्यक्ति की आज़ादी और गोपनीयता को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा करने वाले नियमों और नीतियों के समर्थन में सामूहिक हिमायत के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए दुनिया भर से ICT कंपनियों, नागरिक मंडली (मानवाधिकारों और प्रेस की स्वतंत्रता वाले समूहों के सहित), विद्वानों, अकादमिक संस्थानों, और निवेशकों को एक साथ लाती है।

GNI की एक अनोखी विशेषता है इसकी स्वतंत्र आंकलन प्रक्रिया जो ऐसी कार्य-पद्धति पर आश्रित है जिसे इस तरह से तैयार किया गया है कि यह GNI के अभिव्यक्ति की आज़ादी और गोपनीयता के सिद्धांतों ("GNI सिद्धांतों") को लागू करने के लिए, GNI की नागरिक मंडली, विद्वानों, और निवेशक के मंडली के सदस्यों (कंपनी के बाहर की मंडली के सदस्यों) को सदस्य कंपनियों के प्रयासों पर अंतर्दृष्टि डालने देती है। यह रिपोर्ट GNI कंपनियों के आंकलन के तीसरे चक्र को चिन्हित करती है। स्वतंत्र आंकलनकर्ताओं के द्वारा तैयार की गई गुप्त रिपोर्ट्ज़ के विस्तृत आंकलन, और आंकलनकर्ताओं और सदस्य कंपनियों की पूछताछ के आधार पर, GNI की मल्टीस्टेकहोल्डर निदेशक मंडली ने आंकलनों की समीक्षा की और निर्धारित किया कि

प्रत्येक कंपनी GNI के सिद्धांतों को लागू करने के लिए नेकनीयती के प्रयास कर रही है और समय के साथ-साथ सुधार भी कर रही है।

*“आंकलन प्रक्रिया का प्रयास है कंपनी की पारदर्शिता को बढ़ाना और साथ ही जानकारी तक प्रचुर पहुँच के माध्यम से उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना।” Gare Smith (गेयर स्मिथ), Foley Hoag LLP*

स्वतंत्र आंकलन GNI मंडली द्वारा मान्यता-प्राप्त आंकलनकर्ताओं के द्वारा GNI आंकलन टूलकिट के अनुसार करवाए गए थे जिन्होंने GNI द्वारा स्थापित स्वतंत्रता और क्षमता मापदंडों का पालन किया, जिन्होंने फिर अनिवार्य आंकलनकर्ता प्रशिक्षण में भाग लिया। आंकलकर्ताओं ने सुरक्षित तरीके से जानकारी के साथ-साथ प्रासंगिक दस्तावेज़ों तक पहुँच प्राप्त की। उनको फ्रंटलाइन टीम्स से लेकर वरिष्ठ प्रबंधन तक, कंपनी के मुख्य कर्मचारियों तक पहुँच भी प्राप्त थी, और उन्होंने कुल 125 इंटरव्यू करवाए। आंकलनों में 86 वृत्त अध्ययनों का परीक्षण शामिल था, जिसमें यह देखा गया कि कंपनियाँ, सरकार के आवेदनों और प्रचलित माँगों से किस तरह निपट रही हैं। GNI मंडली अपने निर्णय लेने से पहले 11 कंपनियों की रिपोर्ट्स की समीक्षा करने और प्रत्येक कंपनी और आंकलनकर्ता के साथ विस्तृत बातचीत में शामिल होने के लिए 2019 में चार बाल इकट्ठा हुई।

GNI आंकलन प्रक्रिया डिज़ाइन से ही गुप्त है। यह कंपनियों को सरकार के आवेदनों के संवेदनशील मामलों को GNI के कंपनी की मंडली के बाहरी सदस्यों के साथ साझा करने और उस पर बातचीत करने देती है। यह GNI सिद्धांतों को लागू करने के लिए कंपनी के आंतरिक प्रबंधों और प्रक्रियाओं पर बातचीत भी करने देती है। यह रिपोर्ट मुख्य तौर पर जानकारी को संयुक्त या अनामीकृत रूप में दिखाती है ताकि यह दिखाया जा सके कि कंपनियाँ गुप्त या अन्यथा कानूनी तौर पर सुरक्षित जानकारी प्रकट किए बगैर, सरकार के आवेदनों की समीक्षा और उन पर प्रतिक्रिया कैसे करती हैं। लोगों के साथ पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए, इस रिपोर्ट में कुछ विशेष व्यक्तिगत कंपनियों के वृत्त अध्ययनों की कुछ उदाहरणें और आंकलनकर्ताओं की सिफारिशें शामिल हैं।

इस रिपोर्ट में 11 कंपनियों के आंकलनों के निष्कर्ष सम्मिलित हैं। रिपोर्ट में पाए गए प्रगति बिंदुओं और भविष्य की सहभाजी सिखलाई के क्षेत्रों में आगे के विचार शामिल हैं कि कंपनियाँ अपने व्यवसाय की कार्यवाहियों में GNI के सिद्धांत कैसे जोड़ें, और इसमें कंपनियों के भीतर प्रशिक्षण के प्रयासों में सुधार करने, और मानवाधिकार सम्यक उद्यम (HRDD) और प्रभाव आंकलन जैसे विषयों पर उपकरण और मार्गदर्शन विकसित करने के तरीके भी शामिल हैं।

यह आंकलन कंपनियों के लिए बाहरी संचालन परिवेश की अंतर्दृष्टि भी प्रदान करते हैं। इनमें, राज्य के निरीक्षण और पारदर्शिता की रुकावटों को लेकर आ रही चुनौतियाँ, सरकार-निर्देशित नेटवर्क रुकावटों को लेकर प्रतिक्रिया करने संबंधित चुनौतियाँ, और नागरिक मंडली और स्टेकहोल्डर्ज़ के साथ एक बड़े सहयोग की ज़रूरत शामिल है जिससे सरकार को उनके कानूनों और नीतियों को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के संगत मे लाने के लिए संबद्ध किया जा सके।

यह आंकलन चक्र इस बारे में एक सुझाव प्रदान करता है कि कैसे ICT क्षेत्र में बढ़ती हुई कंपनियाँ, ऑनलाइन कंटेंट और डिजिटल संचार व्यवस्थाओं पर अधिकार जताने वाले सरकार के अधिक से अधिक जटिल उपायों से निपटते हुए कानून के नियमों के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी पूरी कर रहीं हैं और अपने अरबों उपभोक्ताओं और ग्राहकों की अभिव्यक्ति की आज़ादी और गोपनीयता नीति का सम्मान कर रहीं हैं।

एक भी कंपनी आज की अभिव्यक्ति की आज़ादी और गोपनीयता की चुनौतियों का सामना अकेली नहीं कर सकती। अभिव्यक्ति की आज़ादी और गोपनीयता के अधिकारों को दबाने के प्रयासों से पीछे हटने या फिर अधिकारों का सम्मान करने वाली ICT कंपनियों के लिए संचालन परिवेश को सीमित करने के लिए सरकारों, नियामकों, और अन्य प्रमुख स्टेकहोल्डर्ज़ के साथ-साथ GNI के अंदरूनी तथा बाहरी निवेशकों, विद्वानों, और नागरिक मंडली संस्थानों की ओर से समर्पित प्रयासों की आवश्यकता होती है।

आंकलन प्रक्रिया यह दिखाती है कि कैसे ICT क्षेत्र के विभिन्न खंडों से कंपनियाँ अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों और जवाबदेही, सहयोग, सहभाजी सिखलाई, और सार्वजनिक नीति में संतुलित होकर अभिव्यक्ति की आज़ादी और गोपनीयता के समान मौलिक सिद्धांतों के लिए प्रतिबद्ध हो सकती हैं। इस रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद, प्रत्येक कंपनी अपने आंकलन के परिणाम जनता को बताएगी।

आगे बढ़ते हुए, GNI के द्वारा ICT क्षेत्र में अभिव्यक्ति की आज़ादी और गोपनीयता की रक्षा करने और इसे बढ़ावा देने के लिए इस आंकलन चक्र की अंतर्दृष्टियों को हमारे व्यापक प्रयासों में जोड़ा जाएगा। विशेष तौर पर निम्नलिखित कदम उठाए जाएंगे:

- चौथे GNI आंकलन चक्र के लिए हमारे आदर्शों और कार्य प्रणालियों को प्रबल बनाने के लिए आंकलन प्रक्रिया की संपूर्ण समीक्षा,
- आंकलनों के निष्कर्षों को सर्वत्र निर्वाचन-क्षेत्रों में और उनके भीतर की सहभाजी सिखलाई में जोड़ना, और

- अभिव्यक्ति की आज़ादी और गोपनीयता के अधिकारों पर सरकारों के साथ GNI की सहयोगपूर्ण सहभागिता को प्रेरित करने और उसमें सुधार करने के लिए आंकलन की अंतर्दृष्टियों का उपयोग करना।